वेबसाईट : www.abvp.org  पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.

दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 11 फरवरी 2023

## -:प्रेस विज्ञप्ति:-

**'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' का देश के 33 प्रमुख शहरों में हुआ भव्य स्वागत।**

**'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' के कार्यक्रमों में हो रहे भारतीय एकता के अद्भुत दर्शन।**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के अंतर-राज्य छात्र जीवन दर्शन की 'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' के अंतर्गत पूर्वोत्तर के 450 युवाओं के 16 समूहों के प्रतिनिधियों को देश के विविध हिस्सों में भारतीय विविधता के विभिन्न पक्षों को समझने का अवसर मिल रहा है। 'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' के विभिन्न समूह अब तक देश के कुल 33 प्रमुख शहरों में पहुंचे हैं, जहां स्थानीय लोगों द्वारा यात्रा प्रतिनिधियों का भव्य स्वागत हुआ है, यह यात्रा अभी देश के अन्य 31 शहरों से होकर गुजरेगी।

'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' के माध्यम से पूर्वोत्तरीय राज्यों के युवा देश के विविध भाषा-भाषी समाज की परंपराओं, भोजन तथा रहन-सहन को जानते हुए भारत के समन्वयकारी स्वरूप तथा एकात्मता का प्रत्यक्ष दर्शन कर रहे हैं, यह यात्रा भारत की 'विविधता में एकता' के भाव के नए सूत्रों की व्याख्या कर रही है।

'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' की सह-समन्वयक दारिलिन तांग ने कहा कि, "पूर्वोत्तर के युवाओं ने देश के विभिन्न राज्यों की यात्रा के दौरान सिनेमा, राजनीति, व्यापार, शिक्षा आदि क्षेत्रों के प्रतिनिधियों से बातचीत की तथा महत्वपूर्ण बातों को जाना। 'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' में भाग ले रहे यात्रियों को निरंतर प्राप्त हो रहे अनुभव निश्चित ही इन युवाओं के साथ-साथ विभिन्न मायनों में पूर्वोत्तर के लिए शुभ हैं।"

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने कहा कि, "राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा के प्रतिनिधियों ने देश की एकता, आपसी समन्वय तथा बंधुत्व भाव का सुंदर खाका खींचा है। 'राष्ट्रीय एकात्मता यात्रा' के प्रतिनिधियों ने यात्रा के दौरान देश के विभिन्न स्थानों पर हो रहे कार्यक्रमों में पूर्वोत्तर की समन्वयकारी विविधता तथा पूर्वोत्तर के महापुरुषों का शेष राज्यों से परिचय कराया है।"

---

**(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)**